संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार 2२ [illegible] पृष्ठ 5 दिनांक 21-5 2021

## 21 व 25 अप्रैल को पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित 21-5 21-5-2021

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 21 अप्रैल को रामनवमी व 25 अप्रैल को महावीर जयंती पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गोशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गोशत विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

**नए स्ट्रेन में बदला मौत का ट्रेंड** • अब जवानों की मौत बढ़ने लगी, अस्पताल में दो से तीन दिन गुजारने के बाद सीधे पहुंच रहे मुक्तिधाम

# कोविड के लक्षण दिखें तो जांच में देर ना करें... 12 दिन में 38 लोगों ने गंवाई कोरोना से जान, 61 प्रतिशत लोगों की उम्र 60 साल से कम

रतलाम| कोरोना में सिर्फ बुजुर्गों की मौत हो रही है... सहन नहीं कर पाते हैं...। यदि आप भी ऐसा सोच कर लापरवाही कर रहे हैं तो आप बड़ी गलती कर रहे हैं। कोरोना के नए स्ट्रेन में मौत का ट्रेंड बदल चुका है। पहले बुजुर्गों की मौत के मामले ज्यादा थे, लेकिन अभी सिर्फ 12 दिन में 61% ऐसे लोगों ने दम तोड़ दिया है, जिनकी उम्र 60 साल से कम रही। मरीज अस्पताल इतनी देर से पहुंच पा रहे हैं कि डॉक्टरों को इलाज का मौका ही नहीं मिलता, दो से तीन दिन में अस्पताल से सीधे श्मशान शव पहुंच रहे हैं। यदि आपको कोविड के कुछ भी लक्षण दिखते हैं तो जांच करवाने में देर ना करें...। हमारे जिले में 12 दिन में ही 38 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 की उम्र 61 साल से कम रही। 12 लोग तो 50 साल से कम उम्र के रहे है। पहले एक या दो दिन में 1 मौत होती थी, अब 4 रोज हो रही।

## मौत का ट्रेंड बदलने की ये तीन बड़ी वजह

1. साइटोकॉइन स्ट्रोम के कारण मौत ज्यादा हो रही है। इस स्थिति में मरीज को लगता है कि वह ठीक है, लेकिन 4-5 दिन में ही उसके शरीर का इम्युन सिस्टम हाइपर एक्टिव हो जाता है।
2. युवा कोरोना, जांच और सीटी स्कैन कराने से बचते हैं। अस्पताल जाकर इलाज करवाने में रुचि नहीं लेते हैं। तब तक संक्रमण गंभीर हो चुका होता है, बचाना मुश्किल हो जाता है।
3. 45 साल से ज्यादा उम्र के कई लोगों को वैक्सीन लग चुकी है, हर किसी में संक्रमण ज्यादा असर नहीं कर रहा है। बड़ा आंकड़ा सामने नहीं आया है।



जिला अस्पताल के फीवर क्लिनिक में रोज 200 से 250 सैंपल हो रहे हैं। पहले ये संख्या 40-50 ही थी।

## हालत बिगड़ने से पहले ही ऐसे सुधार सकते हैं

- जैसे ही कोविड के लक्षण नजर आए, बिना समय गंवाए जांच करवाएं।
- पॉजिटिव आएं तो डॉक्टर से परामर्श लें, अपने स्तर पर उपचार ना करें।
- शरीर में कोई बदलाव या कोई नया लक्षण दिखे तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## अस्पताल पहुंचने के बाद दो से तीन दिन में ही साथ छोड़ रही जिंदगियां

- आलोट की 45 साल की महिला को 13 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज लाए, वे पॉजिटिव थीं। 16 को उन्होंने दम तोड़ दिया।
- आलोट के 55 साल के पुरुष को 14 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया, 15 अप्रैल को ही उन्होंने दम तोड़ दिया।
- 15 अप्रैल को ही एक साथ तीन मौत हुई, तीनों की उम्र 52 साल से कम थी। मराठों का वास और तक्षशिला परिसर के दो लोगों को 13 अप्रैल को ही भर्ती किया था।
- जावरा के नरसिंगपुरा की 42 साल की महिला को 11 अप्रैल को कॉलेज में भर्ती किया। उन्होंने 13 अप्रैल को दम तोड़ दिया। चिंगीपुरा निवासी 55 साल की महिला को भी 11 अप्रैल को भर्ती किया था। 13 अप्रैल को दम तोड़ दिया।

**19 दिन में 52 मौतें :** रतलाम जिले में 19 दिन में 52 मौत हो चुकी है। ये आंकड़ा बहुत बड़ा है, शुरुआती दौर में 52 मौत होने में 150 दिन का समय लगा था।

Bhaskar 21-4-21

## देरी से पहुंच रहे मरीज रिकवर नहीं कर पाते

मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया हमारी कोशिश है कि हर मरीज को बचाया जाए। मरीज देरी से पहुंच रहे है। कॉलेज में आते ही सीधे आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ रहा है। समय रहते जांच करा, ट्रीटमेंट शुरू हो जाए, तो ऐसी नौबत नहीं आती है।

### ऐसे लक्षण दिखें तो फीवर क्लिनिक जरूर पहुंचें

सर्दी, सूखी खांसी, सांस लेने में परेशानी होना, तेज बुखार आना, पल्स रेट कम होना, तेज सिरदर्द, बदन दर्द बने रहना। ऑक्सीजन लेवल जांचते रहें।

## समय रहते जांच करवा लें तो परिवार का हो सकेगा बचाव

युवाओं को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। घरों में ही रहे। ज्यादातर लोग गंभीर स्थिति में कॉलेज पहुंच रहे है। जबकि, समय रहते जांच करवा लें, तो खुद के साथ ही परिवार का भी बचाव कर पाएंगे। -डॉ. गौरव बोरीवाल, एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

**बाजार में मटमैला पानी आया नलों में**

# सीवरेज कार्य ने तोड़ी पेयजल लाइन

पत्रिका सिटी इश्यू



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 25-5-2021

रतलाम. शहर में चल रहे सीवरेज के कार्य अब आमजन की परेशानी का कारण बनने लगे हैं। मंगलवार को बाजार क्षेत्र में चल रहे कार्य के दौरान पेयजल पाइन लाइन को तोड़ दिया गया। इसके बाद जो पेयजल घरों में गया वो मटमैला था। इसकी शिकायत जब आमजन ने की तो निगम के अधिकारियों ने कह दिया की सुधार कार्य में समय लगेगा।

सायर चबुतरा क्षेत्र के मोहम्मद सलीम ने बताया कि उनके क्षेत्र सहित, शांतिनगर, लक्ष्मीनगर, हरमाल रोड, घांसबाजार, माणकचौक आदि क्षेत्र में मंगलवार को मटमैला पेयजल का वितरण हुआ हैं। इसकी वजह सीवरेज लाइन के काम के दौरान पेयजल लाइन का टूटना है। सोमवार को जब लाइन टूटी तब ही इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों को की गई। तब बताया गया कि जिस कंपनी से काम के दौरान टूटी है वो ही इसका सुधार करेगी। हालांकि सुधार हुए बगैर ही पेयजल वितरण कार्य किया गया। मटमैला पेयजल पीने योग्य भी नहीं है।

## पूर्व में भी आई समस्या

यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की लाइन टूटी हो, इसके पूर्व भी जब कस्तुरबानगर, जवाहर नगर आदि क्षेत्र में सीवरेज का कार्य चला था तो कई दिन तक बार बार पेयजल लाइन में टूट हो रही थी। नियम अनुसार इसको जोड़ने की जिम्मेदारी इस कार्य को कर रही कंपनी की है, लेकिन हर बार निगम के कर्मचारियों को ही इसके लिए मैदान में उतरना पड़ा है। मंगलवार को भी यही हुआ जब सायर चबुतरा में लाइन टूटी तो दोपहर बार नगर निगम के जल विभाग के अमले ने जाकर जोड़ने का कार्य किया।

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

प्रकारण न्यूज • रतलाम

नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 18 व 19 अप्रैल को फायर लॉरी से अलकापुरी बी सेक्टर, अलकापुरी मुख्य मार्ग, दिलीप नगर चौराहा, करमदी रोड, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, दिलीप नगर, गीता मंदिर रोड, अर्जुन नगर, कोर्ट तिराहा व कोर्ट परिसर, नाहरपुरा चौराहा, नाहरपुरा मस्जिद वाली गली, गौशाला रोड, शहर सराय, सैलाना बस



स्टैण्ड चौराहा, तिरुपति नगर, त्रिमूर्ति नगर, महू रोड बस स्टैण्ड, मिड टाउन सोसायटी, मंगलम् सिटी, सुभाष नगर, हाट रोड चौराहा, हाट रोड, लक्ष्मणपुरा, रिटायर्ड कालोनी, सिलावटो का वास, इन्द्रा नगर, लक्कड़पीठा, जवाहर नगर मुक्तिधाम, बाजना बस स्टैण्ड चौराहा, ईश्वर नगर, राम रहीम नगर, जवाहर नगर, लक्ष्मी नगर, जवाहर नगर बी कालोनी, लक्ष्मी नगर बी सेक्टर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

**रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।**

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 18 व 19 अप्रैल को फायर लॉरी से अलकापुरी बी सेक्टर, अलकापुरी मुख्य मार्ग, दिलीप नगर चौराहा, करमदी रोड, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, दिलीप नगर, गीता मंदिर रोड, अर्जुन नगर, कोर्ट तिराहा व कोर्ट परिसर, नाहरपुरा चौराहा, नाहरपुरा मस्जिद वाली गली,



गौशाला रोड, शहर सराय, सैलाना बस स्टैण्ड चौराहा, तिरुपति नगर, त्रिमूर्ति नगर, महू रोड बस स्टैण्ड, मिड टाउन सोसायटी, मंगलम् सिटी, सुभाष नगर, हाट रोड चौराहा, हाट रोड, लक्ष्मणपुरा, रिटायर्ड कालोनी, सिलावटो का वास, इन्द्रा नगर, लक्कड़पीठा, जवाहर नगर मुक्तिधाम, बाजना बस स्टैण्ड चौराहा, ईश्वर नगर, राम रहीम नगर, जवाहर नगर, लक्ष्मी नगर, जवाहर नगर बी कालोनी, लक्ष्मी नगर बी सेक्टर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

**लॉकडाउन की नई गाइडलाइन : 30 अप्रेल तक घरों में रहें सभी**

# सरकारी-निजी कार्यालयों में 10 फीसदी से ज्यादा उपस्थिति नहीं

## अत्यावश्यक सेवाओं को रहेगी छूट

भोपाल. प्रदेश में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। इसके लिए नई गाइडलाइन भी जारी की गई है। इसके तहत सरकारी और निजी कार्यालयों में कर्मचारियों की 10 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति नहीं रहेगी। इसमें आवश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छूट रहेगी।

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कलेक्टरों को निर्देश दिए कि संक्रमण की चेन तोड़ने जनता कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराएं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कर्फ्यू में शादी विवाह पर रोक पर बोले- इस पर रोक न लगाई जाए। सीमित संख्या में ये कार्यक्रम हो सकेंगे। उन्होंने कहा, 30 अप्रेल तक लोग गांव व घरों से न निकलें।

### गाइडलाइन में खास

1 राज्य सरकार के कार्यालय कलेक्टोरेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन और कोषालय को छोड़कर सभी में 10 प्रतिशत उपस्थिति रहेगी।

2 आइटी कंपनियों, बीपीओ अथवा मोबाइल कंपनियों का सपोर्ट स्टाफ और यूनिट्स को छोड़कर शेष निजी कार्यालय भी 10 प्रतिशत की क्षमता से काम करेंगे।

3 सब्जी मंडियों को बंद कर छोटी-छोटी मंडियों को अनुमति देने के लिए कहा गया है।

4 धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, स्पोर्ट्स और मनोरंजन की गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

5 किराना के थोक व्यापारियों द्वारा फुटकर किराना दुकानों में सामग्री सप्लाई निरंतर जारी रहेगी।

# कोरोना : 20 दिन में 56 मौत इनमें युवा–बुजुर्ग सभी शामिल

रतलाम। कोरोना संक्रमण की सबसे तेज व घातक रफ्तार अप्रैल में देखने को मिल रही है। चालू माह में 20 दिनों में ही 56 मौत हो गई है। मंगलवार को 163 नए मरीज मिलने के बाद कुल मरीजों की संख्या 8259 हो गई है। इसी तरह चार मौत हुई और 184 मरीज स्वस्थ भी हुए। अब तक 148 मौत हो चुकी है। स्वस्थ होने वालों की संख्या 6880 है। एक्टिव मरीज 1231 हैं।

फीवर क्लीनिक पर बुखार व अन्य लक्षण वाले मरीज उपचार व सैंपल देने पहुंच रहे हैं। क्लीनिक के बाहर मरीजों की कतार लग रही है।

नगर निगम अमले ने होम आइसोलेटेड मरीजों को घर पर मेडिकल किट देने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि पहले दिन दवा वितरण में मरीजों से संपर्क करने में भी मशक्कत करना पड़ी। अब लिस्ट वार्डवार तैयार की जाएगी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि कोई भी मरीज मेडिसिन किट से वंचित ना रहे। लापरवाही ना बरतें। इसके लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इधर, मेडिकल कालेज में बेड की कमी के चलते कोरोना संक्रमितों को स्वजन उपचार के लिए जिला अस्पताल भी ला रहे हैं। मंगलवार को भी मरीजों के स्वजन बेड उपलब्ध कराने को लेकर भटकते रहे। निजी अस्पतालों में आक्सीजन की कमी का हवाला दिया जा रहा है।

21-4-2021

# रतलाम मेडिकल कॉलेज के लिए 480 रेमडेसिविर इंजेक्शन हेलिकॉप्टर से भेजे




**रतलाम** | कोरोना मरीज खासकर लंग्स इंफेक्टेड मरीजों के इलाज के लिए मंगलवार को दूसरी बार 480 रेमडेसिविर इंजेक्शन लेकर हेलिकॉप्टर बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचा। दोपहर 12.45 बजे पहुंचे चॉपर से अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, मेडिकल कॉलेज के डॉ. देवेंद्र नायक, डॉ. नितिन कराड़िया, डॉ. पवन शर्मा ने रेमडेसिविर के 10 बॉक्स प्राप्त किए। 15 अप्रैल को भी चॉपर 336 इंजेक्शन लेकर आया था।

21-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 1 दिनांक 21-4-2021

# कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 19 व 20 अप्रैल को फायर लॉरी से सांवलिया कालोनी, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय, लोटस सिटी कब्रस्तान, महावीर नगर, लोटस सिटी, हिम्मत नगर, ओसवाल नगर, शास्त्री नगर, दीनदयाल नगर, सिद्धी विनायक कालोनी, आसाराम बापू गली, 80 फीट रोड, सैलाना बस स्टैण्ड अखण्ड ज्ञान आश्रम वाला क्षेत्र, स्नेह नगर, सैलाना बस स्टैण्ड फस्ट चर्च, मसीही स्कूल, मिशन कम्पाउण्ड, न्यू बाजना बस स्टैण्ड, मेडिकल कॉलेज, विनोबा नगर मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, जावरा फाटक अण्डर ब्रीज के पास, कल्याण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# 3 फायर लॉरी और 14 हैंड मशीनों से 38 इलाकों में सोडियम हाइपोक्लोराइड छिड़का

भास्कर 21-4-2021



रतलाम। कोरोना के खिलाफ नगर निगम भी एक तरह से जंग लड़ रहा है। मंगलवार को 3 फायर लॉरी और 14 हैंड मशीनों से 38 से ज्यादा इलाकों के अलावा माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, मेडिकल कॉलेज, संस्थानों और सरकारी कार्यालयों को सैनिटाइज किया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया निगम के पास पर्याप्त मात्रा में सोडियम हाईपोक्लोराइड है। वायरस का असर खत्म होने तक छिड़काव लगातार किया जाएगा।

**मंगलवार को इन क्षेत्रों में हुआ छिड़काव :** फायर लॉरी से - सांवलिया कॉलोनी, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय, लोटस सिटी कब्रस्तान, महावीर नगर, शास्त्री नगर, दीनदयाल नगर, आसाराम बापू गली, 80 फीट रोड, सैलाना बस स्टैंड अखंड ज्ञान आश्रम वाला क्षेत्र, स्नेह नगर, फर्स्ट चर्च परिसर, न्यू बाजना बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज, विनोबा नगर मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम व अन्य।

**हैंड मशीन से** - मेडिकल कॉलेज के कार्यालय व वार्ड, 180 से ज्यादा माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय व अन्य।

# हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों को कर रहे सैनिटाइज



शासकीय मेडिकल कालेज के मुख्य द्वार पर फायर लारी से सैनिटाजेशन करते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया 21-4-2021

रतलाम। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर-ट्राली से शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है।

19 व 20 अप्रैल को फायर लारी से सांवलिया कालोनी, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय, लोटस सिटी कब्रस्तान, महावीर नगर, लोटस सिटी, हिम्मत नगर, ओसवाल नगर, शास्त्री नगर, दीनदयाल नगर, सिद्धि विनायक कालोनी, आसाराम बापू गली, 80 फीट रोड, सैलाना बस स्टैंड अखंड ज्ञान आश्रम वाला क्षेत्र, स्नेह नगर, सैलाना बस स्टैंड फर्स्ट चर्च, मसीही स्कूल, मिशन कम्पाउंड, न्यू बाजना बस स्टैंड, मेडिकल कालेज, विनोबा नगर मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, जावरा फाटक अंडरब्रिज के पास, कल्याण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया।

इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

नई दुनिया
21-4-2021

# होम आइसोलेशन मरीजों को मेडिसीन किट वितरण हेतु वार्ड वार दल गठित

रतलाम ● कोविड-19 संक्रमण में होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसीन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड वार वार्ड पर्यवेक्षकों व वार्ड प्रभारियों को नियुक्त किया है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आइसोलेशन के मरीजो को मेडिसीन किट वितरण हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री जीके जासयवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा सहयोगी के रूप में उद्यौन पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया कों नियुक्त किया है। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसीन किट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। फायरमैन देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसीन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आइसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे। वार्ड पर्यवेक्षकों द्वारा संकलित की गई जानकारी प्रतिदिन वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध कराएंगे। श्री बैरागी प्रतिदिन 10 बजे के पूर्व संकलित जानकारी गुगल शीट पर दर्ज करेंगे। दस्तक 21-5-21

# कोविड-19 संक्रमित होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन कीट वितरण हेतु वार्ड वार दल गठित

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड वार वार्ड पर्यवेक्षकों व वार्ड प्रभारियों को नियुक्त किया है।

नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आईसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन कीट वितरण हेतु निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जासयवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा सहयोगी के रूप में उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को नियुक्त किया है।

स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन कीट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

फायरमेन देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसिन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आईसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे। वार्ड पर्यवेक्षकों द्वारा संकलित की गई जानकारी प्रतिदिन श्री वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध करायेंगे श्री बैरागी प्रतिदिन 10 बजे के पूर्व संकलित जानकारी गूगल शीट पर दर्ज करेंगे।

# कोविड-19 संक्रमित होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट वितरण हेतु वार्ड वार दल गठित

प्रसारण न्यूज़ ● रतलाम


कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड वार वार्ड पर्यवेक्षकों व वार्ड प्रभारियों को नियुक्त किया है।

नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आईसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट वितरण हेतु निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जासयवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा सहयोगी के रूप में उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को नियुक्त किया है।

स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन किट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे।

फायरमेन देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसिन किट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आईसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे। वार्ड पर्यवेक्षकों द्वारा संकलित की गई जानकारी प्रतिदिन वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध कराएंगे। श्री बैरागी प्रतिदिन 10 बजे के पूर्व संकलित जानकारी गुगल शीट पर दर्ज करेंगे।

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसीन किट वितरण के संबंध मे निगम आयुक्त ने ली बैठक



रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली।

निगम आयुक्त ने बैठक में निर्देशित किया कि यह कार्य शासकीय कार्य होने के साथ-साथ मानव सेवा का भी कार्य है इस हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का कर्तव्य है कि कोई भी मरीज मेडिसिन कीट से वंचित ना रहे व इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि इस कार्य हेतु पर्याप्त वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाये साथ ही अग्निशमन कार्यालय में इसका केन्द्र स्थापित किया जाकर समस्त जानकारी संग्रहित की जाने के अलावा सभी मरीजो को तय समय पर मेडिसिन कीट उपलब्ध हो इसकी सुनिश्चितता की जाये।

रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट वितरण हेतु निगम आयुक्त ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया तथा सहयोगी के रूप में उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को नियुक्त किया है। स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन कीट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

फायरमैन देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसिन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आईसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे। वार्ड पर्यवेक्षकों द्वारा संकलित की गई जानकारी प्रतिदिन वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध करायेंगे श्री बैरागी प्रतिदिन 10 बजे के पूर्व संकलित जानकारी गूगल शीट पर दर्ज करेंगे।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यालपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवन्त जोशी, एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी सहित नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**आयुक्त ने योजना की समीक्षा की, जवाबदारी की तय**

# अब निगम पहुंचाएगा घर पर दवा



रतलाम. कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन रहने वाले मरीजों को मेडिसिन कीट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने के लिए निगम नगर निगम ने कमर कस ली है। इसके लिए अधिकारियों के साथ योजना की रुपरेखा बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को बैठक की है। बुधवार से योजना अंतर्गत घर घर दवाओं के साथ मेडिकल कीट का वितरण शुरू किया जाएगा।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया यह साफ कर दिया गया है कियह कार्य शासकीय कार्य होने के साथ-साथ मानव सेवा का भी कार्य है। इस हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का कर्तव्य है कि कोई भी मरीज मेडिसिन कीट से वंचित ना रहे व इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। जासयवाल को नोडल अधिकारी नगर निगम सीमा क्षेत्र में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन कीट वितरण हेतु निगम आयुक्त झारिया ने कार्यपालन यंत्री जीके जासयवाल को नोडल अधिकारी सहयोगी के रूप में उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया को नियुक्त किया है। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह प्रतिदिन ई-दक्ष केन्द्र से होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन कीट संग्रहित करेंगे व नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे। फायरमैन देवेन्द्र पुरोहित प्राप्त मेडिसिन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्ड वार नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आईसोलेशन के मरीजों को वितरण हेतु उपलब्ध कराकर जावक पंजी संधारित करेंगे।

यह रहे उपस्थित आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यालपालन यंत्री जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवन्त जोशी, एमके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ ..1.... दिनांक 21-4.....2021

# शिकायतों के निराकरण में नगर निगम फिर नंबर वन

## 31 दिन में 654 में से 538 शिकायतें निपटाई, इनमें 46 प्रतिशत सफाई की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

21-4-2021

शहर को सफाई में नंबर वन बनाने में जुटा नगर निगम शिकायतों के निराकरण में फिर सबसे आगे आ गया है। मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन नंबर को लेकर सरकार द्वारा जारी रैंकिंग में नगर निगम का वेटेज स्कोर 82.41 प्रतिशत रहा। निगम मार्च के 31 दिनों में 365 शिकायतें मिली, जिनमें से 538 को समय सीमा में निपटा दिया। सर्वाधिक 46 प्रतिशत शिकायतें सड़क, नाले-नालियों सहित अन्य की साफ-सफाई को लेकर थी। प्रथम समूह के 15 नगरीय निकायों में 80.86 वेटेज स्कोर के साथ देवास दूसरे और 80.84 स्कोर के साथ भोपाल तीसरे नंबर पर हैं।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया स्वच्छता को लेकर अमला गंभीरता से काम कर रहा है। खासतौर पर स्वच्छता एप, हेल्प लाइन नंबर और सोशल मीडिया ग्रुप में मिल रही शिकायतों को तत्काल निपटाया जा रहा है। स्वच्छता अधिकारी, निरीक्षण और वार्ड दरोगा तक को जवाबदारी सौंपी है। सफाई में लापरवाही बरतने वाले 250 से ज्यादा सफाई कर्मचारी और 11 से ज्यादा वार्ड दरोगा पर कार्रवाई की है।

### रतलाम ऐसे बना नंबर वन

| | |
|---|---|
| प्राप्त शिकायतें | 654 |
| संतुष्टि के साथ बंद | 46.56 % |
| 100 दिवस से लंबित | 5.96 % |
| निम्नगुणवत्ता से बंद | 10 |
| नोट अटेंडेट शिकायत | 9.89 % |
| अमान्य शिकायत | 10 % |
| कुल वेटेज स्कोर | 82.41 |

### शिकायत निराकरण में टॉप 10 जिले

| | |
|---|---|
| रतलाम | 82.41 |
| देवास | 80.86 |
| भोपाल | 80.84 |
| ग्वालियर | 78.91 |
| बुरहानपुर | 78.4 |
| उज्जैन | 78.14 |
| जबलपुर | 77.14 |
| खंडवा | 77.11 |
| सतना | 76.9 |
| मुरैना | 76.23 |

# शिकायत निराकरण में रतलाम नगर निगम पहले स्थान पर

21-4-2021

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई शिकायतों के निराकरण में प्रदेश की 16 नगर निगमों में रतलाम पहले नंबर पर है। मार्च माह के लिए जारी रैंकिंग में रतलाम को 82.41 स्कोर के साथ साथ ए ग्रेड मिली है। 80.86 स्कोर से देवास दूसरे व 80.84 अंक से भोपाल तीसरे स्थान पर है। तीनों नगर निगम को ए रेटिंग मिली है। हेल्पलाइन मॉनिटरिंग सेल ने यह रैंकिंग 1 से 31 मार्च के परफॉर्मेंस के आधार पर जारी की है। इसमें 03 नगर निगम ए रैंक पर हैं। मार्च माह में नगर निगम को 654 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में की गई थी। इसके निराकरण के लिए नगर निगम अमले को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए और लगातार मानीटरिंग की।

**इस तरह मिली पहली रैंक :** कुल 654 शिकायतों में से 46.56 प्रतिशत का निराकरण संतुष्टि के साथ किया गया। 5.96 प्रतिशत शिकायतें 100 दिन से अधिक लंबित रही। निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का प्रतिशत 10 जबकि नाट अटेंडेड शिकायत का स्तर 9.89 और मान्य-अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 रहा। इस तरह कुल 82.41 का स्कोर लेकर नगर निगम ने पहला स्थान बनाया है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए टीएल बैठक में भी लगातार समीक्षा की जाती है।

नई दुनिया

21-4-2021